सं. के-14012/101(28)/2015-एससी-III-ए

भारत सरकार

शहरी विकास मंत्रालय

*****

कमरा नं. 102-जी, निर्माण भवन,

नई दिल्ली-110011

दिनांक 23 सितम्बर, 2015

कार्यालय ज्ञापन

विषयः स्मार्ट सिटी प्रस्ताव (एससीपी) तैयार करने हेतु नागरिक परामर्श के बारे में।

प्रत्येक चुने गए शहर को चुनौती के चरण 2 के लिए एक स्मार्ट सिटी प्रस्ताव तैयार करना है। स्मार्ट सिटी प्रस्ताव के मूल्यांकन का एक मानदण्ड यह होगा कि इसको तैयार करने में नागरिकों की भागीदारी किस हद तक है (दिशानिर्देशों का संलग्नक 4)। नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के अनेक तरीके हैं। नागरिकों से प्रत्यक्ष संपर्क पारंपरिक तरीका है। सूचना और संचार प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना इसका एक अन्य तरीका है।

2. दिनांक 03.09.2015 (नई दिल्ली), 07.09.2015 (हैदराबाद) और 12.09.2015 (कोलकाता) को आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलनों में नागरिक परामर्श के मुद्दे पर राज्यों के मुख्य सचिवों/शहरी स्थानीय निकायों के आयुक्तों के साथ सविस्तार चर्चा की गई थी। ये शहर, स्मार्ट सिटी मिशन के बारे में सूचना के प्रसार तथा स्मार्ट सिटी प्रस्ताव सह-सृजित करने के लिए नागरिकों को जोड़ने हेतु सोशल मीडिया माध्यमों (जैसे कि ट्विटर, फेसबुक), स्थानीय समाचार पत्रों, रेडियो, स्थानीय टेलीविजन, एसएमएस, चित्रात्मक प्रपत्रों आदि का प्रयोग कर सकते हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि नागरिकों का जुड़ाव समावेशी हो ताकि शहर के सभी निवासी शामिल हो सकें।

3. भारत सरकार का MyGov, नागरिकों के साथ जुड़ने के लिए एक सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी साधन है। MyGov (www.mygov.in) का नागरिक सहभागिता का प्लेटफार्म चर्चाओं, मतदान, ब्लॉग, वार्ता, कार्य आदि जैसे लोकसंवाद माध्यमों की एक श्रृंखला प्रदान करता है। राज्य/शहरी स्थानीय निकाय, MyGov अथवा नागरिक सहभागिता के किसी अन्य प्लेटफार्म का इस्तेमाल करने के लिए स्वतंत्र हैं। यदि नगर निगम MyGov का चुनाव करते हैं तो वे सूचना एवं सहायता के लिए MyGov दल से connect@mygov.in पर संपर्क कर सकते हैं। MyGov के नोडल अधिकारी श्री अखिलेश मिश्रा हैं (akhileshmishra@mygov.in फोन नं. 011-24364706)।

4. पूर्ण किए जाने वाले कार्यकलापों की सूची उनकी समय सीमा सहित संलग्न है। यह सूची उदाहरण भर के लिए है और चयनित शहर आइईसी सहित अतिरिक्त कार्यकलापों की पहल कर सकते हैं लेकिन उन्हें समय सीमा का पालन करना होगा ताकि स्मार्ट सिटी प्रस्ताव 15 दिसम्बर, 2015 से पूर्व प्रस्तुत किया जा सके।

संलग्नः उपर्युक्त पैरा (4) के अनुसार।

23/09/15

(अजीत कुमार)
अवर सचिव, भारत सरकार
टेली फैक्सः 011-2306 1081

सेवा में,

(1) सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के प्रमुख सचिव (शहरी विकास)
(2) मुख्य कार्यकारी अधिकारी, Mygov

नागरिकों को शामिल करना

चक्र 1

इस चक्र में शहर की प्रोफाइलिंग एवं उसके विजन को परिभाषित करना, शहर के लक्ष्यों का निर्धारण, क्षेत्र आधारित विकासों की पहचान तथा पैन-सिटी स्मार्ट सोल्यूशन शामिल हैं।

क्र.सं.	गतिविधि	गतिविधि विवरण	पुरस्कार	समय-सीमा	सह आईईसी गतिविधियां
1	प्रक्रिया का प्रसार तथा नागरिकों की भागीदारी का आमंत्रण (Mygov वार्ता)	शहरी विकास राज्य मंत्री/ महापौर/ नगर आयुक्त/ अन्य उच्चाधिकारियों द्वारा मिशन के विवरणों तथा नागरिक सहभागिता से उम्मीदों को रेखांकित करते हुए शहर स्तरीय वार्ता। वार्ता की शुरुआत, एक पूर्व में रिकार्ड की गई प्रस्तुति से करना इसका एक तरीका है। अवधि - 1 घंटे इसे राज्य स्तर पर आयोजित किया जा सकता है किंतु शहर स्तर पर जरुरी है। वार्ता प्रेस की उपस्थिति में आयोजित की जा सकती है ताकि मीडिया और जनता के प्रश्नों का उत्तर दिया जा सके।	कोई नहीं	20 सितम्बर - 05 अक्टूबर 2015	चर्चा के विषय का प्रारूप तथा दृश्य-श्रव्य/एनिमेशन अभिलिखित स्थानीय समाचार पत्र में प्रिंट विज्ञापन शहर स्तर पर स्मार्ट सिटी समन्वयक ट्वीटर फेसबुक ऑनलाइन बैनर्स (राज्य/ शहर द्वारा) रेडियो स्पॉट/स्थानीय टेलीविज़न
2	विजन स्टेटमेंट का	निबंध प्रतियोगिता	सर्वश्रेष्ठ विजन	25 सितम्बर	ट्वीटर

	विकासः लक्ष्यों की परिभाषा और शहर के लिए विजन स्टेटमेंट्स का विकास	"मेरे सपनों का शहर" अधिकतम 1000 शब्द निबंध 3 प्रश्नों पर केंद्रित होगा (1) शहर के नागरिकों द्वारा सामने लाए गए मुद्दे/जरुरतें (2) इनके समाधान के लिए नागरिकों के समाधान और (3) नागरिक प्राथमिकताएं। भाषा - अंग्रेजी / हिन्दी / राज्य की आधिकारिक भाषा दो श्रेणियां विद्यालय के छात्र - इस श्रेणी में तीन सर्वश्रेष्ठ के लिए रु. 5000/3000/2000 के तीन पुरस्कार सभी श्रेणियों के लिए लागू - इस श्रेणी में तीन सर्वश्रेष्ठ के लिए रु. 25000/15000/ 10000 विजन, शहर के उपलक्ष्यों एवं नागरिक चालित समाधानों की सूची तैयार करने के लिए शहर द्वारा इन जानकारियों का उपयोग किया जा सकेगा।	स्टेटमेंट और शहर स्तरीय लक्ष्य को पहचान के लिए प्रत्येक श्रेणी में प्रति शहर 3 पुरस्कार	- 15 अक्टूबर 2015 (शहर की वार्ता पर तत्काल उत्तरगामी)	फेसबुक नगर आयुक्त द्वारा शहर में स्थित स्कूलों के प्रधानाचार्यों को पत्र। MyGov में प्रविष्टियां भेजने की सुविधा सहित जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से सरकारी स्कूलों में अभियान। अधिकतम प्रविष्टि के लिए स्कूलों को प्रोत्साहन (5-10 शहरों की वीडियो रिकॉर्डिंग) शहर स्तर पर स्मार्ट सिटी समन्वयक समावेश - गंदी बस्तियों के लिए वाई-फाई हॉटस्पॉट, स्थानीय रेडियो स्पॉट, टीवी/ मोबाइल समर्थ तरीके/ पांडुलिपि/ चित्रात्मक प्रपत्र। विद्यालय/महाविद्यालय/व्यावसायिक

					क्षेत्रों/सार्वजिनक परिवहन स्टेशन आदि में भित्ति चित्र।
3	शहर के स्मार्ट समाधान के बारे में सुझाव आमंत्रित करना तथा छंटनी करना जिससे पूरे शहर में अवसंरचना तथा सेवाओं में सुधार हो सकता है (मतदान के बाद MyGov विचार विमर्श)।	परामर्शदाता/सहायक एजेंसियों द्वारा विचार विमर्श हेतु जनता के बीच रखे जाने वाले संभाव्य स्मार्ट समाधानों की सूची की तैयारी। इससे नागरिक, सुझावों पर चर्चा एवं मतदान कर सकेंगे। निधि एवं अन्य संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर कार्यान्वयन योग्य सर्वाधिक लोकप्रिय कुछ सुझावों का पता लगाने के लिए प्रस्तावित स्मार्ट सुझावों की सूची पर शहर द्वारा मतदान कराया जाएगा। पैन सिटी प्रस्ताव के लिए यह इनपुट का कार्य करेंगे। लोक प्रतिनिधियों के विचार तथा डेटा एवं सूचना की समीक्षा अन्य स्रोत होंगे।	वैकल्पिक	10 अक्टूबर-31 अक्टूबर 2015	वेबिनार ट्वीटर/फेसबुक विचार शिविर शहर स्तर पर स्मार्ट सिटी समन्वयक शहर द्वारा डोमेन विशेषज्ञों/संस्थाओं के साथ आमने-सामने परामर्श। समावेश - गंदी बस्तियों के लिए वाई-फाई हॉटस्पॉट, स्थानीय रेडियो स्पॉट, टीवी/ मोबाइल समर्थ तरीके/ पांडुलिपि/ चित्रात्मक प्रपत्र।
4	क्षेत्र आधारित विकास हेतु लिए जाने वाले क्षेत्रों की	अंतरिम रुप से, नागरिकों, लोक प्रतिनिधियों, विशेषज्ञों, प्रतिष्ठित नागरिकों के साथ चर्चाओं, डेटा एवं सूचना आदि की	वैकल्पिक	10 अक्टूबर-31 अक्टूबर 2015	ट्वीटर फेसबुक

	पहचान करना।	समीक्षा के माध्यम से शहर द्वारा विकास (पुनः संयोजन, पुनर्विकास, हरित क्षेत्र) हेतु प्रस्तावित क्षेत्रों की पहचान की जाएगी। पहचाने गए इन क्षेत्रों में, नागरिकों के सुझावों को शामिल करते हुए शहर द्वारा सभी आवश्यक घटकों, क्षेत्र को रहने योग्य बनाने वाली अन्य विशेषताओं (उदाहरणार्थ – ताजा एवं स्वच्छ जल, 24x7 विद्युत आपूर्ति, स्वच्छता आदि) का समावेश किया जाएगा। इन सभी के लिए, प्रत्येक चुने गए क्षेत्र का संक्षिप्त प्राक्कलन तैयार किया जाएगा। विकास हेतु क्षेत्रों का अंतिम चयन लोक प्रतिनिधियों, विशेषज्ञों तथा क्षेत्र में रहने वाले लोगों की राय तथा यदि आवश्यक हो, तो मतदान पर आधारित होगा ताकि 'स्मार्ट' बनने की कीमत पर उनकी स्वीकृति का निर्धारण हो सके।			प्रैस विज्ञप्ति नागरिक स्वयंसेवकों को शामिल करके वार्ड स्तर पर विचार-विमर्श शहर स्तर पर स्मार्ट सिटी समन्वयक विचार शिविर विभिन्न चैनलों के माध्यम से प्रारंभिक वीडियो तैयार करना तथा व्यापक रूप से प्रचारित करना समावेश - गंदी बस्तियों के लिए वाई-फाई हॉटस्पॉट, स्थानीय रेडियो स्पॉट, टीवी/ मोबाइल समर्थ तरीके/ पांडुलिपि/ चित्रात्मक प्रपत्र। प्रारंभिक वीडियो तैयार किया जाएगा तथा विभिन्न चैनलों के माध्यम से इसका व्यापक प्रचार प्रसार किया जाएगा।

चक्र 2

इस चक्र में अनेक यात्राओं के माध्यम से पैन सिटी एवं क्षेत्र आधारित प्रस्ताव और उनके विकास पर प्रतिक्रिया प्रदान करना भी शामिल है।

क्र. सं.	गतिविधि	गतिविधि विवरण	पुरस्कार	समय-सीमा	सह आईईसी गतिविधियां
1	क्षेत्र आधारित विकास प्रस्ताव (Mygov वार्ता)	नागरिकों के सुझाव प्राप्त करने के बाद तैयार किए गए क्षेत्र आधारित विकास प्रस्ताव का प्रारुप (दिए गए स्मार्ट सिटी प्रस्ताव प्रारुप में) जनता के बीच रखा जाएगा। किसी प्रस्ताव विशिष्ट में सुधार के बारे में नागरिकों की टिप्पणी का मूल्यांकन करके प्रस्ताव को परिशोधित किया जा सकता है। यदि शहर ऐसा चाहता है तो इसके बाद वार्ता भी की जा सकती है।	कोई नहीं	1-15 नवम्बर, 2015	ट्वीटर फेसबुक वेबसाइट रेडियो स्पॉट (टेम्पलेट विज्ञापन) शहर स्तर पर स्मार्ट सिटी समन्वयक विश्व स्तरीय रोड शो समावेश - गंदी बस्तियों के लिए वाई-फाई हॉटस्पॉट, स्थानीय रेडियो स्पॉट, टीवी/ मोबाइल समर्थ तरीके/

					पांडुलिपि/ चित्रात्मक प्रपत्र।
2	पैन सिटी प्रस्ताव (Mygov वार्ता)	नागरिकों से सुझाव प्राप्त करने के बाद पैन सिटी प्रस्ताव का प्रारुप तैयार किया जाएगा तथा जनता के बीच रखा जाएगा। किसी प्रस्ताव विशिष्ट में सुधार के बारे में नागरिकों की टिप्पणी का मूल्यांकन करके प्रस्ताव को परिशोधित किया जा सकता है। यदि शहर ऐसा चाहता है तो इसके बाद वार्ता भी की जा सकती है।	कोई नहीं	1-15 नवम्बर, 2015	ट्वीटर फेसबुक वेबसाइट रेडियो स्पॉट (टेम्पलेट विज्ञापन) शहर स्तर पर स्मार्ट सिटी समन्वयक विश्व स्तरीय रोड शो समावेश - गंदी बस्तियों के लिए वाई-फाई हॉटस्पॉट, स्थानीय रेडियो स्पॉट, टीवी/ मोबाइल समर्थ तरीके/ पांडुलिपि/ चित्रात्मक प्रपत्र।

चक्र 3

इस चक्र में प्रस्ताव प्रारूप में शहर के लिए स्मार्ट सिटी प्रस्ताव को अंतिम रूप देना शामिल है।

क्र. सं.	गतिविधि	गतिविधि विवरण	पुरस्कार	समय-सीमा	सह आईईसी गतिविधियां
1	क्षेत्र आधारित योजना एवं पैन सिटी प्रस्ताव (Mygov वार्ता)	अंतिम क्षेत्र आधारित विकास प्रस्ताव तथा पैन सिटी प्रस्ताव स्मार्ट सिटी प्रस्ताव प्रारुप में तैयार किया जाएगा तथा जनता के बीच रखा जाएगा। यदि शहर चाहे तो इसके बाद वार्ता भी की जा सकती है।	कोई नहीं	15-25 नवम्बर	ट्वीटर फेसबुक वेबसाइट स्थानीय पेपर विज्ञापन/ टीवी/रेडियो
2	परियोजना के कार्यान्वयन और वित्तपोषण पर चर्चा (Mygov वार्ता)	अंतिम एवं संपूर्ण स्मार्ट सिटी प्रस्ताव दिए गए प्रारुप में तैयार किया जाएगा तथा जनता के बीच रखा जाएगा। यदि शहर चाहे तो इसके बाद वार्ता भी की जा सकती है।	कोई नहीं	20-30 नवम्बर	ट्वीटर फेसबुक वेबसाइट स्थानीय पेपर विज्ञापन/ टीवी/रेडियो